# लॉजिस्टिक हब के लिए ली जाएगी 205 एकड़ जमीन

08/07/2022

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नन्दी ने कहा कि नोएडा में इंडस्ट्रियल टाउनशिप का कार्य तेजी से चल रहा है, छह कम्पनियों को भूमि का आवंटन किया जा चुका है। मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए नोएडा व दादरी में 1143 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। अगले महीने 205 एकड़ और भूमि पर अधिग्रहण की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

मंत्री ने गुरुवार को दिल्ली में हुई नेशनल इंडस्ट्रियल कारिडोर डेवलपमेंट इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट की पहली बैठक में यह बात कही। वित मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने हिस्सा लिया। वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यों की तारीफ की।